# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

2. मध्योत्तर अंडमान जिले में विकसित भारत—जी राम जी (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के तहत विभिन्न विकासात्मक कार्यों की शुरूआत की गई है।

3. द्वीपसमूह में आपदा प्रबंधन और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल संचार प्रणाली स्थापित की गई है।

4. भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित करने हेतु 'सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027' के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित यह सम्मेलन देश के विकास पथ को दिशा देने में महिलाओं की अधिक भागीदारी की प्रतिबद्धता मजबूत करेगा। यह पंचायत से लेकर संसद तक सभी स्तर तक शासन और नेतृत्व में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को उजागर करेगा। साथ ही निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व का महत्व भी रेखांकित करेगा। यह सम्मेलन वर्ष 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में महिलाओं की भूमिका स्पष्ट करेगा। सितम्बर 2023 में संसद ने विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इस महीने की 16 तारीख से शुरू हो रहे संसद सत्र में देशभर में महिला आरक्षण लागू करने पर मुख्य रूप से विचार होगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में अप्रैल माह के लिए विकसित भारत—गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के तहत विभिन्न विकासात्मक कार्य शुरू किए गए हैं। यह अधिनियम द्वीप समूह में ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने और टिकाऊ संपत्तियों के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा

रहा है। प्रशासन ने कार्यों के निष्पादन में समय पर कार्यान्वयन, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया है। योजना का लाभ लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी स्तरों पर निरंतर निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, कार्यक्रम के सभी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अधिकतम मानव दिवस सृजित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

<><><><><><>

अराजपत्रित सरकारी कर्मचारी संघ की लिपिक संवर्ग शाखा की वार्षिक आम सभा हाल ही में आयोजित की गई। बैठक का उद्घाटन संघ के पूर्व महासचिव डी. अय्यप्पन ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में अराजपत्रित सरकारी कर्मचारी संघ की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महासचिव एस.एल. विंजित, सीटू राज्य समिति के अध्यक्ष आर. सुरेंद्रन पिल्लई और सरकारी पेंशनभोगी संघ के महासचिव सुरेश लाल ने भी उपस्थिति को संबोधित किया। इससे पहले, उपाध्यक्ष गीता सुरेंद्रन ने संवर्ग की ज्वलंत मांगों को सामने लाने के लिए सार्थक चर्चा की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान कार्य रिपोर्ट और लेखा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में अंडमान निकोबार प्रशासन के तहत लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों के कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई और आगामी वर्ष के लिए शाखा का नेतृत्व करने हेतु एक नई कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया। बैठक में एलजीसी और एचजीसी के वेतन उन्नयन जैसी लंबित मांगों को अराजपत्रित सरकारी कर्मचारी संघ द्वारा आठवें वेतन आयोग को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में शामिल करने का भी निर्णय लिया गया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए द्वीपों में एकीकृत वीओआईपी– वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल संचार प्रणाली स्थापित की गई है। इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य द्वीपों के सभी आपातकालीन संचालन केंद्रों को एक एकीकृत संचार नेटवर्क के तहत लाना है, ताकि आपात स्थितियों के दौरान तेज़ और अधिक विश्वसनीय समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल द्वीप समूह में पहली स्वतंत्र संचार परत की स्थापना का प्रतीक है, जो वर्तमान में 100 कनेक्शन का समर्थन कर रही है। इसके स्थापित हो जाने से एक साथ सभी केंद्रों पर वॉयस मैसेजिंग की सुविधा, आपदा के समय त्वरित कार्रवाई, तीनों जिलों में एक समान संचार नेटवर्क, निगरानी और रिकॉर्डिंग की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में, यह प्रणाली तीनों जिलों में स्थित प्रमुख आपदा राहत केन्द्रों को जोड़ती है।

<><><><><><>

भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित करने के लिए 'सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027' के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत नवाचार, तत्परता, बचाव कार्यों में उत्कृष्टता तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण जैसे क्षेत्रों में कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थान पुरस्कार के लिए Awards.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन लिंक प्रशासन और आपदा प्रबंधन निदेशालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। वर्ष 2027 के लिए आवेदन 30 सितंबर तक किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग, की ओर से 'स्वाद, संस्कृति और परंपरा का उत्सव' विषय के साथ आईलैंड फूड फेस्टिवल 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव प्रदर्शनी मैदान में 17 से 19 अप्रैल तक चलेगा। इस संबंध में इच्छुक व्यक्ति, होटल व्यवसायी, रेस्तरां मालिक, एसएचजी, राज्य  सांस्कृतिक संघ और गैर सरकारी संगठन खाने–पीने के स्टॉल और हस्तशिल्प की बिक्री व प्रदर्शन के लिए आज शाम चार बजे तक आवेदन किया जा सकता है। स्टालों का आवंटन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा विभाग ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए व्यक्तियों, सांस्कृतिक संघों और स्कूल–कॉलेज के छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। चयन ऑडियो–विजुअल रिकॉर्डिंग और प्रदर्शन की गुणवत्ता के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ 15 अप्रैल शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से 28 अगस्त रक्षा बंधन तक चलेगी।  प्रथम पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा यानी 29 जून को होगी। पंजीकरण 15 अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन शुरू होगी।

<><><><><><>

बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल, कार निकोबार में कल एक दिवसीय निःशुल्क बहु विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अंडमान निकोबार कमान मेडिकल प्रभाग और INHS धन्वंतरि के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना और विशेषज्ञ परामर्शों तक पहुँच प्रदान करना था। शिविर में स्त्री रोग, अस्थि रोग, दंत चिकित्सा, नेत्र विज्ञान, सामान्य सर्जरी और सामान्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। शिविर से कुल 114 मरीज लाभान्वित हुए।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

**द डेली टेलीग्राम्स** ने रोमांच, कौशल और उत्साह से भरपूर लिटिल अंडमान प्रो 2026 के समापन के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने इस समाचार के अलावा सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने जनगणनाकारों द्वारा घरों से डेटा एकत्र करके मकानों की सूची बनाने के अभियान के समाचार को अपने अखबार के प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने हवाई टिकटों की बढ़ती कीमतों को देखते हुए द्वीपवासियों द्वारा स्थानीय प्रशासन से राहत उपाय लागू करने के आग्रह और डिगलीपुर में टी–20 क्रिकेट लीग के शुभारंभ के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>